NCERT SOLUTIONS

CLASS - 10th

aglasem.com

Class : 10th
Subject : हिंदी
Chapter : 8
Chapter Name : कन्यादान

Q1 आपके विचार से माँ ने ऐसा क्यों कहा कि लड़की होना पर लड़की जैसी मत दिखाई देना?
Answer.
हमारे विचार से लड़की की मां ने ऐसा इसलिए कहा होगा क्योंकि लड़कियां कोमल होती है और शारीरिक रूप से कमज़ोर। लड़की की मां नहीं चाहती कि उसकी बेटी कमजोर हो और उसका शोषण किया जाए। स्त्रियों पर तरह तरह के अत्याचार किए जाते हैं यहां तक कि मारने पीटने धमकाने और उन्हें जान से जलाकर मार देने की घटनाएं भी सामने आती है। मां अपने पर किए गए अत्याचारों की प्रमाण है इसलिए मां अपनी बेटी को कमजोर ना दिखाई देने की सलाह देती है।

Page :- 51 , Block Name :- प्रश्न-अभ्यास

Q2 'आग रोटियाँ सेंकने के लिए है।
जलने के लिए नहीं'
(क) इन पंक्तियों में समाज में स्त्री की किस स्थिति की ओर संकेत किया गया है?
(ख) माँ ने बेटी को सचेत करना क्यों ज़रूरी समझा?
Answer.
(क)इन पंक्तियों में स्त्रियों की कमजोर स्थिति का वर्णन किया गया है। नारी का जीवन कष्टों से भरा हुआ है। उन पर अनेक प्रकार के अत्याचार किए जाते हैं। वह ससुराल में घर गृहस्थी संभालती है सबके लिए रोटियां पकाती है और इसी अग्नि में उसे जला दिया जाता है।
(ख)बेटी अभी छोटी है। उसे समाज में व्याप्त कुरीतियों के बारे में नहीं पता। मां नहीं चाहती कि जो उसने झेला उसकी बेटी भी वही सहे। मां ने अपनी लड़की को लड़की बनकर रहने की वजह शक्तिपूर्वक अत्याचार का मुकाबला करने का सुझाव दिया।

Page :- 51 , Block Name :- प्रश्न-अभ्यास

Q3 'पाठिका थी वह धुँधले प्रकाश की
कुछ तुकों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की'
इन पंक्तियों को पढ़कर लड़की की जो छवि आपके सामने उभरकर आ रही है उसे शब्दबद्ध कीजिए।
Answer.
पंक्तियों को पढ़कर लड़की की निम्नलिखित छवि उभर कर आ रही है:- लड़की अभी सयानी है।वह केवल समाज के उजले पक्ष से वाकिफ थी उसे दूसरे पक्ष बुराइयों की जानकारी नहीं थी।उसे केवल सुखों का एहसास था दुखों का नहीं।वह अपनी भावी जीवन की कल्पनाओं में खोई हुई थी।

Page :- 51 , Block Name :- प्रश्न-अभ्यास

Q4 माँ को अपनी बेटी 'अंतिम पूँजी' क्यों लग रही थी?
Answer.
मां और बेटी का संबंध बहुत गहरा होता है। मां को अपनी बेटी 'अंतिम पूंजी' इसलिए लग रही है क्योंकि लड़की के विवाह के बाद मां एकदम अकेली रह जाएगी। मां बेटी एक दूसरे के सुख-दुख के साथी थे। वे बचपन से अपनी पुत्री को संभाल कर उसका पालन-पोषण करती है एक संचित पूंजी की तरह इसलिए अपनी बेटी को अंतिम पूंजी कहती है।

Page :- 51 , Block Name :- प्रश्न-अभ्यास

Q5 माँ ने बेटी को क्या-क्या सीख दी?
Answer.
मां ने बेटी को निम्नलिखित सीख दी:-
सुंदरता पर गर्व ना करना। आत्महत्या ना करनाधन-संपत्ति से दूर रहना। नारी गुण बनाए रखने पर भी कमजोर ना पड़ना

Page :-51 , Block Name :- प्रश्न-अभ्यास

Q6 आपकी दृष्टि में कन्या के साथ दान की बात करना कहाँ तक उचित है?
Answer.
हमारी दृष्टि में कन्या के साथ दान की बात करना बिल्कुल अनुचित है। दान किसी वस्तु का किया जाता है और कन्या कोई वस्तु नहीं है। दान देने के बाद दान करने वाले का उससे कोई रिश्ता नहीं रह जाता जबकि माता-पिता का अपनी कन्या के साथ आजीवन संबंध रहता है। कन्याओं का अपना अलग व्यक्तित्व होता है कन्या का दान कर उसे त्याग देना उचित नहीं है।

Page :- 51 Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

aglasem.com